हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 16 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 4.2 डिग्री

11 सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



12 मानव का ध्येय समाजसेवा होना चाहिए: दत्तात्रेय



## खबर संक्षेप



गोहाना। ई-रिक्शा सेवा शुरू करते निदेशक डॉ. जगदीश चन्द्र दुरेजा।

### महिला अस्पताल में ई-रिक्शा सेवा शुरू

**गोहाना।** भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज, खानपुर कलां में शुक्रवार को मरीजों की सुविधा के लिए ई-रिक्शा सेवा का शुभारंभ हो गया। इ सेवा का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. जगदीश चन्द्र दुरेजा ने किया।

महिला अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले बुजुर्ग, चलने में असमर्थ मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए अस्पताल के मुख्य गेट से आपातकालीन विभाग और ओपीडी विभाग तक ई-रिक्शा की निःशुल्क सेवा शुरू की गई है। इस सेवा का शुभारंभ करने के बाद निदेशक डॉ. जगदीश चन्द्र दुरेजा ने संस्थान के सभी पार्कों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और कार्य कर रहे कर्मचारियों व अधिकारियों से विचार-विमर्श किया निदेशक ने संस्थान में वर्षा के पानी की समुचित निकासी व पार्कों में सफाई का विशेष ध्यान रखने के आदेश दिए। इस अवसर पर संस्थान संयुक्त निदेशक एचसीएस अजय हुड्डा व अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### कृषि मंत्री जेपी दलाल आज शहर में

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल 16 दिसंबर को दोपहर 12 बजे गांव झिंझौली में सूर्य फाउंडेशन द्वारा प्राकृतिक खेती पर आयोजित किसान सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### जिला उपभोक्ता आयोग के नए कार्यालय का 18 को उद्घाटन

**सोनीपत।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि हरियाणा राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति टीपीएस मान 18 दिसंबर को जिला को दौरा करते हुए सुबह 9 बजे इंडियन कॉलोनी स्थित बीएस टावर में बने जिला उपभोक्ता आयोग के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात वे प्रातः 10:30 बजे जिला उपभोक्ता आयोग के नए कार्यालय का निर्माण करने के लिए आबंटित स्थान पर पहुंचकर नए कार्यालय की नींव रखेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# सही मायनों में कर्मयोगी थे स्वर्गीय चौ. मित्रसेन आर्य : मेयर

## चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर हरिभूमि कार्यालय में दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

■ चौधरी मित्रसेन के समाज के प्रति किए गए कार्यों को याद किया

दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि के संस्थापक, परोपकार की भावना एवं सत्यनिष्ठा के संस्कारों के साथ पुरुषार्थ के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने वाले कर्मयोगी स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य की जयंती पर शुक्रवार को सोनीपत के गीता भवन चौक के नजदीक स्थित हरिभूमि कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर नगर निगम सोनीपत के मेयर निखिल मदान, धर्मसिंह, मुकेश वर्मा, कुलदीप वत्स, शुभम आदि ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

अतिथियों ने स्वर्गीय चौधरी मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और माल्यार्पण करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान मेयर निखिल मदान ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य ने अपने जीवन काल में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि वे अपने पथ से विचलित हुए हों। इसीलिये वे सही मायने में कर्मयोगी थे। उन्होंने जीवन में आने वाली अनेक बाधाओं का पुरुषार्थ के साथ डटकर सामना किया और अपनी मेहनत के बल पर देश के बड़े उद्योगपतियों की सूची में खुद को शुमार किया। मेयर ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य स्वयं इतने साधन संपन्न और बड़े उद्योगपति होने के बावजूद हमेशा जमीन से जुड़े रहे। उन्होंने हमेशा अपने सामाजिक दायित्व को तवज्जो दी। ये ही वजह है कि उनके जाने के इतने समय बाद भी उनका समाज में आज भी रूतबा कायम है। उन्होंने आध्यात्मिक विकास के लिए घर में भव्य यज्ञशाला का निर्माण कराया, जहां वे परिवार सहित प्रतिदिन हवन, सत्संग, स्वाध्याय चिंतन, मनन तथ ध्यान करते थे। आध्यात्मिक विकास की यह परंपरा आज भी उनके परिवार में निरंतर चल रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी को भी उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस दौरान धर्मसिंह ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य ने मेहनत कर खुद का बड़ा उद्योग खड़ा किया, इसके बावजूद वे अपना जीवन सादगी से जीते थे। उन्होंने हमेशा व्यवसाय व मानवता के बीच संतुलन बनाकर रखा। उन्होंने हमेशा यही सिखाया कि जो भी करो, पूरी ईमानदारी से करो और सत्य को साक्षी मानकर करो। वे हमेशा कमजोरों के हित के विषय में सोचते रहे।



सोनीपत। हरिभूमि कार्यालय में चौधरी मित्रसेन आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए मेयर निखिल मदान, धर्मसिंह, मुकेश वर्मा एवं अन्य।

### अनेक गुरुकुल और स्कूलों की स्थापना की

मुकेश वर्मा ने कहा कि चौधरी मित्रसेन आर्य ने जहां व्यवसाय को नए आयाम दिए, वहीं उन्होंने शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर भी पूरा जोर दिया। उनकी हमेशा सोच रही है कि सब पढ़े और आगे बढ़े। इसी सोच के साथ उन्होंने अनेक गुरुकुल और स्कूलों की स्थापना की। उनका पूरा जीवन समाज को समर्पित रहा है। उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा शुरू किए गए आर्य समाज को आगे गुरुकुलीय परंपरा को मजबूत करने में सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके नक्शे कदम पर चलते हुए परोपकार की भावना के साथ काम करने चाहिए। इस अवसर पर हरिभूमि की टीम व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सोनीपत बार एसोसिएशन के प्रधान चुने गए

# पांच बार हुई गिनती के बाद 20 वोटों से जीते अनिल ढुल

### उपप्रधान पद पर जोगिंद्र मलिक, सचिव पर कुसुम दहिया, कोषाध्यक्ष पद पर गौरव आंतिल ने मारी बाजी

### 1305 में से 1170 मत हुए पोल, कोषाध्यक्ष पद में सबसे अधिक 44 वोट हुए रद









हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में 20 वोट से जीत कर एडवोकेट अनिल ढुल प्रधान बन गए हैं। अनिल ढुल को 433 वोट और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी कमल हुड्डा को 413 वोट मिले। उपप्रधान पद पर 646 वोट लेकर जोगेंद्र मलिक जीते, वहीं सचिव पद पर कुसुम दहिया ने 469 वोट लेकर बाजी मारी। कोषाध्यक्ष पद के लिये गौरव आंतिल ने 591 मत हासिल कर जीत दर्ज की। वहीं इससे पहले सह-सचिव पद के लिये निर्मला सर्वसम्मति से चुन ली गई थी। इससे पहले चुनाव की प्रक्रिया सुबह 9 बजे से शुरू हो गई थी। शाम 5 बजे तक मतदान के उपरांत देर शाम मतों की गणना हुई। प्रधान पद के लिये कांटे की टक्कर रही, जिसके कारण प्रधान पद के लिये मतों की गणना कुल पांच बार की गई। पहली बार में प्रधान पद के लिये जीत का अंतर 25 निकल रहा था, इसके बाद एक-एक करके कुल पांच बार मतों की गिनती करवाई गई। चुनाव प्रक्रिया के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता व आरओ सुखबीर गुलिया, सुरेश गहलोत, संजय आंतिल, रजनीश मलिक आदि मौजूद रहे।

जिला बार एसोसिशन के चुनावों का नतीजा आते ही लगभग एक माह से चल रहा कशमकश का दौर खत्म हो गया। प्रधान पद के लिये अनिल ढुल, जयभगवान शर्मा, कमल हुड्डा, संदीप मलिक मैदान में थे। 433 मतों के साथ अनिल ढुल विजयी रहे, वहीं कमल हुड्डा को 413 मत मिले। प्रधान पद के लिये तीसरे नंबर पर रहे जयभगवान शर्मा को 259 वोट और चौथे नंबर पर रहे संदीप मलिक को 36 वोट से संतोष करना पड़ा। उपप्रधान पद पर 646 वोट लेकर जोगेंद्र मलिक जीते, जबकि आशीष गर्ग को 392 वोट मिले, तीसरे नंबर पर युविका को 112 वोट मिले। सचिव पद पर कुसुम दहिया ने 469 वोट लेकर जीत हासिल की।

उनके प्रतिद्वंदी अंकित त्यागी को 349 और संदीप खर्ब को 328 वोट मिली। 591 वोट लेकर गौरव आंतिल कोषाध्यक्ष चुने गए। इसी पद पर चुनाव लड़ रहे ध्रुव डेंबला को 264 वोट और प्रवीण को 271 वोट मिले।

वहीं जिला बार एसोसिएशन के चुनावों में कुल 1305 वकीलों को मतदान करना था। मतदान के निर्धारित समय तक कुल 1170 वोट पोल हुए। इसमें से प्रधान पद के लिये कुल 27 वोट रद्द की गई, जिसके बाद 1143 वैध मतों के साथ परिणाम घोषित किया गया। उपप्रधान पद के लिये 20 मत रद्द हुए, इसीलिये 1150 मतों से परिणाम घोषित किया गया। इसी तरह सचिव पद के लिये 24 मत रद्द हुए तो 1146 मतों से परिणाम घोषित किया गया। सबसे अधिक रद्द मत कोषाध्यक्ष के चुनाव में हुए, जहां कुल 44 मत रद्द हुए, जिसके बाद 1126 वैध मतों से परिणाम घोषित किया गया।

### पहली बार में 25 मतों से मिली थी जीत

मतदान के उपरांत शाम को ही मतों की गिनती शुरू की गई थी। सबसे पहले कोषाध्यक्ष पद के लिये रिजल्ट आया था और सबसे आखिर में प्रधान पद के लिये रिजल्ट घोषित किया गया। पहली बार में अनिल ढुल को गिनती में 25 वोट से जीता हुआ बताया गया, इस पर दूसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी कमल हुड्डा ने फिर से गिनती करवाई। दूसरी गिनती में 18 वोट से जीत बताई गई, इसके बाद तीसरी बार की गिनती में हुई, जिसमें 17 वोट से जीत बताई गई। इसके बाद चौथी बार की गिनती में 20 और अंतिम पांचवीं बार 20 वोट से जीत की घोषणा की गई।

### गन्नौरः युद्धवीर रापरिया प्रधान बने व सुरेश अत्री उप प्रधान

**गन्नौर।** बार एसोसिएशन का चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुआ चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता युद्धवीर रापरिया प्रधान चुने गए, उप प्रधान सुरेश अत्री, सचिव बसंत त्यागी, जॉइंट सचिव संदीप राठौर व कोषाध्यक्ष मोहन शर्मा को चुना गया। गन्नौर बार में कुल 195 मतदाता है जिनमें से चुनाव में 186 मतदाताओं ने मतदान किया। निर्वाचन अधिकारी सुशील त्यागी ने बताया कि बार एसोसिएशन के प्रधान पद के चुनाव में युद्धवीर रापरिया ने 109 वोट व दूसरे स्थान पर रहे अरुण पहल ने 75 वोट हासिल किए युद्धवीर रापरिया ने 34 वोट से जीत हासिल की जबकि 2 वोट कैंसल हुए। उपप्रधान पद में विजेता रहे सुरेश अत्री ने 94 वोट विशाल ने 89 वोट प्राप्त किए,सुरेश अत्री ने 5 वोट से जीत हासिल की 3 वोट कैंसल हुई। विजेता रहे सचिव बसंत त्यागी ने 96 वोट व अशोक सैनी ने 89 वोट प्राप्त की। सह सचिव संदीप राठौर व कोषाध्यक्ष मोहन शर्मा को पहले ही निर्विरोध चुना गया था।

### कमल शर्मा बने खरखौदा बार एसोसिएशन के प्रधान

**खरखौदा।** शुक्रवार को खरखौदा में हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में 151में से 149 मत डाले गए। प्रधान पद का चुनाव लड़ रहे कमल शर्मा को 54 मत मिले और उन्हें प्रधान घोषित किया गया। सत्यजीत दहिया उप प्रधान चुने गए, उन्हें 80 मत प्राप्त हुए। जबकि इंद्रजीत गहलोत को 69 वोट ही मिल पाए। अमित दहिया सचिव निर्वाचित घोषित किए गये हैं। उन्हें 81 मत प्राप्त हुए । उनके प्रतिद्वंदी विकास दहिया को 66 मत ही प्राप्त हो सके। कोषाध्यक्ष पद पर प्रवीण पाराशर व सह सचिव पद पर मोहित दहिया पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। रिटर्निंग अधिकारी अनिल धनखड़ ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सभी विजेताओं को व निर्विरोध चुने जाने वालों को सोमवार को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

# गवाह को धमकी, घर पर पत्थर फेंका, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत





■ पत्थर महिला की कमर में लगा, विरोध करने पर बेटे से मारपीट

■ पीड़ित के बयान पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज

मोहाना थाना क्षेत्र के गांव पिनाना में घर के अंदर पत्थर फेंकने व केस में गवाही न देने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है।

गांव पिनाना निवासी संतोष ने बताया कि वह गांव निवासी सुमित के साथ उनका मुकदमा चल रहा है। गत 14 दिसंबर को सूमित ने उनके घर में पत्थर फेंककर मारा। जो पत्थर उसकी कमर में आकर लगा। उसका बेटा रोहताश बाहर देखने के लिए गया। सुमित उसके साथ मारपीट करने लगा। उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# मारपीट के बाद मोबाइल व नकदी छीनने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

गांव गिवाना में दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक ग्रामीण ने आरोप लगाया कि उससे मारपीट के बाद उससे मोबाइल और 20 हजार रुपये छीने गए। झगड़े में दो लोग घायल हो गए, जिनको नागरिक अस्पताल गोहाना से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल के लिए रेफर किया गया। सदर थाना में मामला दर्ज किया गया।

### झगड़े का मामला

पुलिस की प्रारंभिक जांच में केवल झगड़े की बात सामने आई। गांव गिवाना के धन्ना ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी करता है। उसके साथ राजबीर और अन्य लोगों ने मारपीट की। उस पर डंडों से हमला किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उसके पास मोबाइल और 20 हजार रुपये थे, जिसे आरोपित छीन ले गए। आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। झगड़े में धन्ना और रमेश घायल हुए। उनको नागरिक अस्पताल गोहाना से बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया। पुलिस ने गांव पहुंचकर जांच की तो वहां केवल झगड़े की बात सामने आई।

# 212 टीमों ने खंगाले जिले के स्कूल, फरमाणा स्कूल में मिली अव्यवस्थाएं, एसडीएम ने लगा दी 'क्लास'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

स्कूलों में व्यवस्थाएं और शिक्षा स्तर की जांच करने के लिये जिले के 212 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में निरीक्षण किया गया। मेगा इंस्पेक्शन के तहत अधिकारियों की टीमें सुबह ही स्कूलों में पहुंच गई थी और पूरा दिन में स्कूलों में जांच की। इसी इंस्पेक्शन के तहत खरखौदा के फरमाणा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एसडीएम खरखौदा डा. अनमोल पहुंचीं। इस दौरान स्कूलों में अव्यवस्थाएं मिली तो एसडीएम ने फटकार लगाते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। स्कूल में अव्यवस्थाएं मिली और स्कूल का रखरखाव भी दुरुस्त नहीं था।

स्कूलों में शैक्षणिक स्तर में सुधार करने और संशाधनों के प्रयोग की जांच करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने 212 टीमों का गठन किया था। यह टीमें निर्धारित स्कूलों में सुबह ही पहुंच गई थी। अधिकारियों ने दिन भर स्कूलों में रहकर विभिन्न गतिविधियों की जांच की। स्कूलों में प्रतिदिन ड्रम पर पीटी होती है या नहीं, यह जांचने के लिए ड्रम पर पीटी करवाई गई। शैक्षणिक स्तर जांचने के लिए विद्यार्थियों से लैब में कार्य कराया गया। इसके अलावा विद्यार्थियों से विषय से संबंधित प्रश्न पूछे गए। स्कूलों में सफाई व्यवस्था से लेकर विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं की भी जांच की गई। निरीक्षण करने के लिए गठित की गई टीमों ने शाम को अपनी रिपोर्ट तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करवाई। जिस पर डीईओ नवीन गुलिया ने संतोष जाहिर किया।

**लैब में प्रयोग भी करवाएः** मेगा इंस्पेक्शन के दौरान टीमों ने स्कूलों में हाजिरी रजिस्टर के साथ ही विद्यार्थियों की कॉपियों की भी जांच की। इस दौरान सभी विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। कुछ विद्यार्थियों में विद्यार्थियों ने बेहतर तरीके से प्रश्नों के उत्तर दिए तो कहीं विद्यार्थी हिचकिचाते नजर आए। अधिरियों ने स्कूलों में बनाई गई लैब में विद्यार्थियों से विभिन्न प्रकार के प्रयोग करवाकर भी देखे।





सोनीपत। स्कूलों में छात्राओं की ज्ञान की परीक्षा लेते टीम के सदस्य।

# कबूतरबाजी : यूएस भिजवाने का सौदा, कंबोडिया में छोड़कर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

■ परिवार से ठग लिए 15 लाख, रुपये वापस मांगे तो जान से मारने की दी धमकी

गांव मुंडलाना के मुकेश के स्वजन ने उसे अमेरिका भिजवाने के लिए सौदा गया था लेकिन आरोपितों ने उसे कंबोडिया ले जाकर छोड़ दिया। साथ गया एक आरोपित उसे वहां छोडकर भाग गया। मुकेश के स्वजन ने टिकट करवाकर उसे भारत बुला लिया। इसके बाद फिर से दोबारा उनको अमेरिका भिजवाने का झांसा दिया। आरोपितों ने उनके परिवार से लगभग 15 लाख रुपये ठग लिए। अमेरिका न भिजवाने पर रुपये वापस मांग तो आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। सदर थाना गोहाना में पत्नी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया।

गांव मुंडलाना की मोनिका ने पुलिस को बताया कि उसके पति मुकेश को अमेरिका भिजवाने के नाम पर उनके परिवार से करनाल में कुंजपुरा के रविंद्र, पंकज मान, ईस्ट मुंबई की आयशा मोहम्मद अरशद करीम और सोनीपत में छोटूराम कालोनी के रोहित ने ठगी की।

### 25 लाख में सौदा

मोनिका के अनुसार रोहित उनके घर आया था और बोला कि आपके पति को अमेरिका भिजवा दूंगा, जिसके लिए 25 लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। पासपोर्ट बनवाने के लिए एडवांस में चार लाख रुपये दिए गए। ये रुपये रविंद्र के खाते में डलवाए गए। उसके बाद मुकेश को दिल्ली बुलाया गया और वहां तीन लाख रुपये और देने के बाद दुबई भेज दिया गया। आगे की टिकट बनवाने के लिए बाद में चार लाख रुपये और मांगे गए।

रुपये देने के बाद मुकेश को पंकज मान के साथ दुबई से कंबोडिया भेज दिया गया। वहां पर 23-24 दिन रहने के बाद पंकज मान उसे वहीं छोड़कर स्वयं दिल्ली आ गया। स्वजन ने टिकट करवाकर मुकेश को भारत बुलाया। बाद में आरोपितों से संपर्क किया तो अमेरिका भिजवाने के लिए नकली वीजा व नकली टिकट दे दी। बाद में परिवार से और रुपये लिए गए और मुकेश को मुंबई भेज दिया। आरोपितों ने आगे की कार्रवाई नहीं की। आरोपितों ने सके पति को न अमेरिका भिजवाया और न रुपये वापस दिए।



एक शेर की दहाड़ इतनी तेज़ होती है इसे पांच मील दूर तक सुना जा सकता है।



कुत्तों की आबादी के मामले मे अमेरिका पहले नंबर पर आता है इसके बाद दूसरा स्थान फ्रांस का आता है।

# एम फिल कैसे करें और कैसे बनाएं अपना करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

एम फिल कोर्स के बारे में अधिक विद्यार्थियों को जानकारी नहीं है। इसीलिए आज के इस आर्टिकल में हम आपको एम फिल कोर्स की पूरी जानकारी बताएंगे, जिसके बाद आपको पता चल जाएगा कि एम फिल क्या है। एमफिल कोर्स करने की प्रक्रिया क्या है तथा एम फिल कोर्स में क्या क्या सिखाया जाता है। उसके बाद आप यह तय कर पाएंगे कि एम फिल कोर्स आपको करना चाहिए या नहीं, क्या आप के लिए एम फिल कोर्स बेहतरीन साबित हो सकता है या नहीं। साथ ही आप एम फिल कोर्स के बारे में पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक प्राप्त कर लेंगे और एम फिल कोर्स को करने के बाद होने वाले फायदों के बारे में भी जान लेंगे।

## एम फिल की फुल फॉर्म

एम फिल का फुल फॉर्म मास्टर ऑफ फिलॉस्पी होता है और हिंदी में फिलॉस्पी के तहत मास्टर की डिग्री हासिल करना होता है। आपकी जानकारी के लिए बता देते हैं कि एम.फिल एक पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स है। किसी भी स्ट्रीम जैसे साइंस, कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज, लॉ के छात्र टीचिंग कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स को आप 2 साल में पूरा कर सकते हैं। इस कोर्स के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल के साथ-साथ थ्योरी भी पढ़ाई जाती है। जिससे विद्यार्थियों को इस विषय में रुचि आने लगती है और वे आगे के चैप्टर को पढ़ने के लिए उत्सुक रहते हैं बता देते हैं कि इस विषय में रिसर्च भी करनी होती है और उसे प्रकाशित भी करना होता है। एम फिल कोर्स करने के बाद अपने सब्जेक्ट में पीएचडी भी कर सकते हैं।



## एम फिल करने के फायदे

एम फिल कोर्स के अंतर्गत निर्धारित किए गए पाठ्यक्रम को लंबे समय से एक मास्टर डिग्री और पीएचडी कार्यक्रम के बीच एक क्रॉस के रूप में देखा गया है। यह पाठ्यक्रम उम्मीदवारों को विभिन्न प्रकार के निर्माण विभिन्न प्रकार के अनुसंधान की बारीकियों के बारे में ज्ञान देता है। विभिन्न प्रकार के विषय के बारे में छात्रों के मस्तिष्क को प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विषय के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के अनुसंधान कौशल को सिखाया जाता है। विभिन्न प्रकार के बड़े पैमाने पर ज्ञान को प्रदर्शित किया जाता है। इसीलिए यह पाठ्यक्रम और यह काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। अगर आप इस परीक्षा को करते हैं तो एक सफल व्यक्ति बन जाते हैं साथ ही आपकी बुद्धि का विकास हो जाता है। एम फिल कोर्स को करने के बाद आप अच्छे वेतन और अन्य विभिन्न प्रकार की सुविधाएं भी प्राप्त कर सकते हैं। बता देते हैं कि एमफिल कोर्स को आप अधिकतम 200000 खर्च करके कर सकते हैं। लेकिन उसके बाद आप प्रतिवर्ष 600000 तक भी आसानी से कमा सकते हैं।

## ऐसे मि

### निर्धारित सब्जेक्ट

एमफिल कोर्स में एक से अधिक विषय हैं। इन अलग-अलग विषयों के आधार पर एमफिल कोर्स को कराया जाता है, जिसमें आपको फिलॉसफी पढ़ाया जाता है इसमें एजुकेशन से लेकर इकोनामिक और मैनेजमेंट से लेकर इंग्लिश तथा साइकोलॉजि भी शामिल है। तो एमफिल कोर्स के लिए निर्धारित किए गए सब्जेक्ट इस प्रकार है —

एम फिल इन साइक्लॉजी
एम फिल इन इकोनोमिक्स
एम फिल इन मैनेजमेंट
एम फिल इन इंग्लिश

### योग्यताएं

आवेदक का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा पास होना चाहिए। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा को किसी भी स्ट्रीम से पास कर सकता है। उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकता है। लेकिन 12वीं कक्षा पास करने के बाद स्नातक की डिग्री का होना आवश्यक है। एमफिल कोर्स करने के लिए स्नातक डिग्री 55% अंक के साथ प्राप्त करनी होगी। इस कोर्स के लिए आवेदन करने वाले आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 5% की छूट मिल जाती है। नेट, एसईटी या गेट जैसी परीक्षाएं करने के बाद भी न्यूनतम निर्धारित संख्या में कुछ छूट है। बता देना कि इस कोर्स के लिए आवेदन करने की कोई उम्र सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

### ऐसी रहेगी आवेदन प्रक्रिया

आवेदन करने के लिए सबसे पहले एक विश्वविद्यालय का चयन करें। अब उस विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट पर पहुंचे। ऑफिशल वेबसाइट पर पंजीकरण करके अपना अकाउंट बनाएं। अब वेबसाइट पर दर्शाए गए सभी को समय से अपने कोर्स का चयन करें। अब आपके सामने एक आवेदन फार्म ओपन हो जाएगा। अब इस आवेदन फार्म को सही ढंग से भरे। आवेदन फार्म में पहुंची हुई सभी जरूरी जानकारी जैसे शैक्षणिक योग्यता, नाम, पता, श्रेणी इत्यादि दर्ज करें।

## रोजगार पाने के ढेर सारे अवसर, अपनी पसंद का करियर बनाएं

# आट्र्स से 12वीं करने के बाद मिलते हैं सरकारी नौकरियों के अनेक अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## टीचिंग और एसएससी में मिलते बड़े अवसर

अगर आप किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं तो उसके लिए 12वीं कक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी हमेशा ही एक लोकप्रिय विकल्प रहता है। ऐसे में देखा जाए तो 12वीं कक्षा करने के बाद बहुत सारी सरकारी नौकरी होती है जिन्हें हम कर सकते हैं और अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं, लेकिन कई नौकरियां ऐसी होती है जो स्ट्रीम के हिसाब से की जाती है। ऐसे में हम आपको 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने आट्र्स के द्वारा 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए सरकारी नौकरी के विकल्प लेकर आए हैं।



### असिस्टेंट लोको पायलट

आट्र्स से 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी में असिस्टेंट लोको पायलट आता है। यह नौकरी उन लोगों के लिए होती हैं जो लोग 12वीं कक्षा के बाद रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए योग्यता

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने अनिवार्य है। उम्मीदवार को मैकेनिक या फिर ऑटोमोबाइल से 2 वर्ष डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य है। फिजिकल पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। आंखों की रोशनी पूरी तरह से ठीक होनी चाहिए और व्यक्ति को कलर ब्लाइंडनेस की परेशानी ना हो।

### असिस्टेंट लोको पायलट की तनख्वाह

असिस्टेंट लोको पायलट को शुरुआती समय में जो सैलरी मिलती है उसमें वेतन के अलावा उन्हें अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। अगर ओवरटाइम करते हैं तो एडवांस भी दिया जाता है। शुरुआती समय में 35000 तक तनख्वाह होती है।

### पोस्टल असिस्टेंट

12वीं कक्षा आट्र्स से उत्तीर्ण करने के बाद पोस्टल असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत किया जा सकता है। इसे डाक पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरे ऑफिस के काम को मैनेज करता है।

**योग्यता**

- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- एसएससी सीएचएसएल की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- व्यक्ति की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- कंप्यूटर के ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह से टाइपिंग भी आनी चाहिए।

**सैलरी**

इस पद पर अगर आप काम करते हैं तो बेसिक सैलरी के साथ-साथ अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। इसमें शुरुआती सैलरी 20000 से 25000 तक होती है।

### रेलवे क्लर्क

12वीं कक्षा आट्र्स से उत्तीर्ण करने के बाद जो लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए रेलवे क्लर्क बेस्ट ऑप्शन होता है। रेलवे क्लर्क का काम बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि रेलवे यार्ड में वैगन और कोच की कितनी संख्या है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट तैयार करने का काम भी रेलवे क्लर्क का होता है।

**योग्यता**

12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है। आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा क्लियर करना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिएऔर अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। एससी और एसटी वर्ग को आयु सीमा में 3 साल से 5 साल तक की छूट दी जाती है।

**सैलरी**

रेलवे क्लर्क पद पर अगर सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती महीने में 28000 से लेकर 30000 तक की सैलरी दी जाती है।

### फॉरेस्ट गार्ड

12वीं कक्षा पास करने के बाद आप फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी अगर करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको एग्जाम देना होता है। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों को जंगलों की सुरक्षा के लिए उसके पद पर तैनात कर दिया जाता है। अगर आप अपनी प्रकृति से अधिक प्रेम करते हैं तो आप इस तरह की नौकरी कर सकते हैं। इस पद पर आपको 30000 से लेकर 40 हजार रुपए तक की सैलरी दी जाती है।

### रेलवे ग्रुप डी की नौकरी

रेलवे ग्रुप डी आरआरबी के द्वारा लेवल 1 का एग्जाम होता है जिसे क्लियर करना अनिवार्य होता है। यह रेलवे मंत्रालय के अधीन आता है इसीलिए केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही नौकरी करनी होती है। 12वीं कक्षा किसी भी स्ट्रीम से पास किया हुआ विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अगर इसकी सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती समय में अन्य भत्ते के साथ 22 से 25000 तक की सैलरी होती है।



### गवर्नमेंट टीचर की नौकरी

आज के समय में बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे हैं जो 12वीं कक्षा के बाद सरकारी नौकरी में गवर्नमेंट टीचर की नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। हालांकि सरकारी टीचर बनना बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता है। इसके लिए सबसे पहले ट्रेनिंग कोर्स करना होता है इसके बाद कई एग्जाम देने के बाद सरकारी टीचर बन सकते हैं।

**योग्यता**

- 12वीं पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को टीचर ट्रेनिंग का कोर्स किया होना चाहिए।
- टीचर एलिजिबिलिटी एग्जाम पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को कंप्यूटर की जानकारी होना भी अनिवार्य है।

**सैलरी**

एक सरकारी टीचर की सैलरी उसके ऊपर निर्भर करती है कि उसका पद क्या है। अगर शुरुआती समय में गवर्नमेंट टीचर की सैलरी बात की जाए तो यह 20000 से लेकर 40000 तक होती है। उसके बाद अनुभव के साथ-साथ सैलरी बढ़ती जाती है। हमने कुछ नौकरी के बारे में आपको विस्तार पूर्वक बताया है लेकिन इस 12वीं कक्षा आट्र्स के द्वारा पास करने के बाद आपके पास बहुत सारे विकल्प ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। हम आपको कुछ अन्य विकल्प के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

### एसएससी जीडी में नौकरी

कर्मचारी आयोग प्रत्येक वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा को आयोजित करता है इसके जरिए विभिन्न विभाग में कांस्टेबल के पद पर भारती की जाती है जो व्यक्ति कांस्टेबल के रूप में नौकरी पाना चाहते हैं उनके लिए यह बेहतर ऑप्शन होता है इसमें निम्नलिखित ऑप्शन होते हैं।

- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
- सशस्त्र सीमा बल
- सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स
- इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही
- सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स
- सेक्रेटेरिएट सिक्योरिटी फ़ोर्स
- राइफलमैन इन असम राइफल्स

इसके लिए छात्र दसवीं पास करने के बाद भी इस परीक्षा को दे सकता है। अन्यथा 12वीं पास करने के बाद भी परीक्षा दी जा सकती है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाती है।

### 12वीं कक्षा आट्र्स करने के बाद क्या करें

12वीं कक्षा आट्र्स उत्तीर्ण करने के बाद आप अपनी इच्छा के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपको वर्दी पहनने का शौक है तो आप सेना या अर्ध सैनिक बल में जाकर देश की सेवा कर सकते हैं या फिर आप स्टेट पुलिस के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। इसी के साथ-साथ आप रेलवे में नौकरी अगर प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए ग्रुप डी के साथ-साथ कांस्टेबल की तैयारी भी कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आप इस प्रकार की नौकरी करें जहां पर शारीरिक परिश्रम ना करना पड़े केवल ऑफिस का काम हो तो इसके लिए आप गवर्नमेंट विभाग में आने वाली एलडीसी भर्ती की तैयारी भी कर सकते हैं।

# क्षमताओं को ध्यान में रखकर ही अपने करियर का चयन करें छात्र



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

पॉजिटिव सोच एक शक्तिशाली और महत्वपूर्ण मानव गुण है जो किसी भी क्षेत्र में सफलता की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब कोई छात्र अपने करियर का चयन करने के लिए कदम रखता है, तो उसे अपने लक्ष्यों को अपनी क्षमताओं के साथ मेल करना चाहिए। यह सोचना कि मैं क्या कर सकता हूं, बहुत ही महत्वपूर्ण है। व्यक्ति को अपनी क्षमताओं को समझना और स्वीकार करना चाहिए, ताकि उसे वह कार्य मिले जिसमें उसका रुचि हो और जिसमें उसमें समर्थ होने की क्षमता हो। एक छात्र को अपने लक्ष्यों की दिशा में सकारात्मक सोचने से उसे आत्म-समर्थन मिलता है। यह सोच उसे निरंतर उत्साही और संबोधित करती है, जिससे उसकी कार्यक्षमता में सुधार होता है।

## उपयुक्त स्त्रोतों का सही उपयोग करना जरूरी

किसी भी करियर का चयन करना एक महत्वपूर्ण निर्णय है, इसलिए छात्र को अपनी रुचियों, रूचिओं, और रूचिओं को ध्यान में रखकर निर्णय लेना चाहिए। समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उपयुक्त स्रोतों का सही से उपयोग करना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों, परिवार के सदस्यों, और पेशेवरों से सहायता प्राप्त करना छात्र को सही दिशा में मार्गदर्शन करने में मदद कर सकता है। कई बार, छात्र अपने आत्मविश्वास को खो बैठते हैं या डर के कारण सही निर्णय नहीं ले पाते हैं। इस स्थिति में, सकारात्मक सोच एक महत्वपूर्ण साथी बन सकती है जो छात्र को उत्साहित करती है और उसे सही मार्ग पर ले जाने में सहायक होती है। यदि छात्र अपनी क्षमताओं को सही तरीके से पहचान लेता है और उन्हें विकसित करता है, तो उसका करियर समृद्धि और संवृद्धि की ऊँचाइयों तक पहुँच सकता है। सही मार्ग का चयन करने से छात्र को विभिन्न क्षेत्रों में नए और चुनौतीपूर्ण कार्यों का सामना करने का अवसर मिलता है जिससे उसका व्यक्तिगत और पेशेवर विकास होता है। समाप्त करते समय, यह आवश्यक है कि छात्र अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतछात्र को समाप्त करते समय यह आवश्यक है कि वह अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहे और उन्हें हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। इसमें आत्म-मोटिवेशन, समर्पण, और संघर्ष की भावना समाहित होनी चाहिए। छात्र को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए एक निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। आत्म-मोटिवेशन की आवश्यकता है ताकि वह अपने क्षमताओं और प्रतिबद्धता के साथ कठिनाइयों का सामना कर सके और हासिल करने के लिए समर्पित रह सके। विफलता का सामना करना स्वाभाविक है, लेकिन इससे हार नहीं मानना चाहिए। संघर्ष एक अविभाज्य हिस्सा है जो सफलता की दिशा में बढ़ने में मदद करता है। लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समर्पण एक अनिवार्य गुण है। छात्र को अपने काम में पूरी तरह से समर्पित रहना चाहिए ताकि उसकी मेहनत में अंत में सफलता मिले।

## आत्म मूल्यांकन जरूरी

समाप्ति के समय, छात्र को आत्म-मूल्यांकन करना चाहिए ताकि वह अपनी साकारात्मकता को बनाए रख सके और अगले कदमों के लिए तैयार रहे। अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति में सकारात्मक सोच और आत्म-मोटिवेशन निरंतर सहायक होते हैं। छात्र को हमेशा याद रखना चाहिए कि उसकी सक्सेस की चाबी उसकी सोच और क्रियाओं में छुपी होती है।क्रियाओं में छुपी होती है। आत्म-मोटिवेशन छात्र को उत्साहित रखने में मदद करता है, जिससे उसकी क्षमताएं और स्वाभाविक प्रतिबद्धता बढ़ती हैं। सकारात्मक सोच उसे आत्म-सुधार की दिशा में प्रेरित करती है और उसे कठिनाइयों का सामना करने की ताकत प्रदान करती है। छात्र को हमेशा याद रखना चाहिए कि सफलता एक प्रक्रिया है, और इसमें समर्पण और स्थिरता की आवश्यकता होती है। लक्ष्यों की प्राप्ति में आत्म-नियंत्रण और सहानुभूति बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। आत्म-मोटिवेशन के माध्यम से, छात्र अपनी सक्सेस की ऊंचाइयों तक पहुँचने के लिए अपनी सीमाएं बढ़ा सकता है। इससे उसमें आत्म-विश्वास बना रहता है और वह अपनी सीमाओं को पार करने के लिए तैयार होता है। सकारात्मक सोच छात्र को आत्म-प्रेरणा प्रदान करती है जिससे उसमें संघर्ष की भावना बनी रहती है। छात्र को यह याद रखना चाहिए कि हर कदम एक नया सिखने का अवसर होता है और हर चुनौती एक मौका है अपनी क्षमताओं को साबित करने का। अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति में सकारात्मक सोच और आत्म-मोटिवेशन छात्र को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत में सबसे ऊंचा जलप्रपात कौन - सा है ?
(ए) शिमसा जलप्रपात
(बी) होगेनक्कल जलप्रपात
(सी) कोर्टास्लम जलप्रपात
(डी) जोग जलप्रपात

**2.** विश्वविख्यात जोग या गरसोप्पा जलप्रपात किस राज्य में स्थित है ?
(ए) कर्नाटक
(बी) महाराष्ट्र
(सी) आ. प्र.
(डी) केरल

**3.** जोग या गरसोप्पा जलप्रपात का नया नाम क्या है ?
(ए) सरदार पटेल जलप्रपात
(बी) महात्मा गांधी जलप्रपात
(सी) जवाहरलाल नेहरु जलप्रपात
(डी) इंदिरा गांधी जलप्रपात

**4.** जोग जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) शरावती
(बी) कावेरी
(सी) नर्मदा
(डी) चम्बल

**5.** धुआंधार जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) इन्द्रावती
(डी) चम्बल

**6.** कपिल धारा जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) तापी
(बी) शरावती
(सी) नर्मदा
(डी) इन्द्रावती

**7.** शिवसमुद्रम जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) नर्मदा नदी
(बी) कृष्णा नदी
(सी) गोदावरी नदी
(डी) कावेरी नदी

**8.** गोकक जलप्रपात किस नदी पर स्थित है ?
(ए) कावेरी
(बी) ताम्रपर्णी
(सी) शरावती

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा ठरू-उल्देपुर पहुंची

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सीएम मनोहर लाल की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद शुक्रवार को सोनीपत तहसील क्षेत्र के गांव ठरू व उल्देपुर में पहुंची और लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देते जागरूक किया गया। विभिन्न प्रकार की सेवाओं से आमजन को लाभांवित किया । मुख्यातिथियों ने हमारा संकल्प विकसित भारत की शपाथ भी दिलाई।

### पटेल ने 565 रियासतों का देश में विलय किया: सेतिया

**गोहाना।** सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्र भारत में 565 देसी रियासतों का विलय किया था। यह टिप्पणी शुक्रवार को आजाद हिंद देशभक्त मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने की। उन्होंने कहा कि वैश्विक इतिहास में कोई एक भी दूसरा व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में विलय किया।

डॉ. सेतिया सेक्टर 7 स्थित भगवान परशुराम आश्रम में 73वीं पुण्यतिथि पर सरदार वल्लभ पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवान परशुराम आश्रम के संचालक सुभाष शर्मा ने की।

### गोहाना में एक्सचेंज बंद फिर भी आ रहे बिल

**गोहाना।** बीएसएनएल गोहाना शहर में अपने फोन एक्सचेंज को बंद कर चुका है, इस के बावजूद वह उपभोक्ताओं को मासिक बिल भेज रहा है। यह आरोप शुक्रवार को हरियाणा दूरभाष सलाहकार समिति (टीएसी) के पूर्व सदस्य एडवोकेट अशोक अग्रवाल ने लगाया।

एडवोकेट अशोक अग्रवाल के अनुसार बीएसएनएल ने अक्तूबर के महीने में ही अपने उपभोक्ताओं को नोटिस दे दिए थे। ये नोटिस गोहाना में फोन एक्सचेंज बंद करने को ले कर थे। नवंबर में फोन एक्सचेंज को बंद कर दिया गया। अब किसी भी लैंडलाइन फोन में करंट नहीं है।

### मांस तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने मांस तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आसिफ निवासी शामली उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

मालवीय नगर निवासी आंनद ने गत 9 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने साथियों के साथ टोल प्लाजा पर मौजूद था।

### जिलास्तरीय गीता जयंती महोत्सव 22 और 23 को

**सोनीपत।** गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पिछली बार की भांति ही इस बार भी स्थानीय सुभाष स्टेडियम सोनीपत के मैदान में 22 से 23 तक अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करवाया जाएगा। इस संबंध में उपमंडल अधिकारी खरखौदा डॉ. अनमोल ने गीता जयंती महोत्सव को लेकर की गई तैयारियों बारे लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में जिला के विभिन्न अधिकारियों बैठक ली तथा इस कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की।

## इंटर यूनिवर्सिटी वार्षिक एथलेटिक्स मीट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

# प्रतियोगिता में साउथ पॉइंट कॉलेज की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

### कॉलेज पहुंचने पर पदक विजेताओं का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

इंटर यूनिवर्सिटी वार्षिक एथलेटिक्स मीट (पुरुष और महिला) चैंपियनशिप 2023-24 में साउथ पॉइंट कॉलेज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीते। यह प्रतियोगिता 12 दिसंबर को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न ओलंपिक खेल खेले गए। प्रतियोगिता में पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने जोरदार स्वागत किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि प्रतियोगिता में साउथ पॉइंट कॉलेज की टीम को तीसरा स्थान मिला। जिन्होंने 44 मिनट में 4 गुणा 100 रिले रेस को पूरा किया। विजेताओं में बीए प्रथम वर्ष के आयुष व प्रिंस और बीए तृतीय वर्ष के विशाल व विनय शामिल हैं। खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रो. राजबीर सिंह ने खिलाड़ियों का पदक पहना कर पुरस्कृत किया। साउथ पॉइंट ग्रुप के वाइस चेयरमैन रोहित खत्री, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों को बधाई दी।



सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा के साथ पदक दिखाते विजेता खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते चेयरमैन अजमेर सिंह साथ में अन्य।



सोनीपत। विजेता रही जगुआर हाउस की टीम प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ। फोटो :हरिभूमि

### शिव मॉडर्न स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**सोनीपत।** शिव मॉडर्न स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अंतर्सदनीय प्रतियोगिता का शुभारंभ ध्वजोत्तोलन के साथ राष्ट्रगान से किया गया। प्रतियोगिता की मशाल प्रज्ज्वलित करके चारों सदन श्री कंठा, शंकरा, अभिगाम्या एवं अभिवंद्या ने मार्च करते हुए विद्यालय के चेयरमैन अजमेर सिंह का स्वागत किया। अजमेर सिंह ने चारो सदन के कैप्टन को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता आरंभ करने की घोषणा की तथा खेल को खेल की भावना से खेलने की प्रेरणा दी। प्रथम दिवस खेल प्रतियोगिता के प्रमुख आकर्षण 100मीटर दौड़, बाधा दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद, कबड्डी, खो-खो, सैक रेस, फ्रॉग रेस, थ्री लैग रेस आदि रहे।

**सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम :सोनीपत** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में जूनियर कक्षाओं के बच्चों की इंटर हाउस सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। सामान्य ज्ञान क्विज में जगुआर हाउस की टीम ने पहला, पैंथर हाउस हाउस की टीम ने दूसरा व लेपर्ड हाउस की टीम ने तीसरा स्थान पाया। जगुआर हाउस के बच्चों ने सर्वाधिक सवालों का सही जवाब देकर अपनी टीम को जीत दिलवाई।



खरखौदा। विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते जिला कल्याण विभाग के प्रतिनिधि।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता में सावन प्रथम, सचिन द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

जिला कल्याण विभाग के द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खांडा में छुआछूत निवारण विषय पर निबंध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नौवीं से 12वीं के छात्रों ने भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में सावन प्रथम, सचिन द्वितीय व प्रिंस तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में अंकित प्रथम, निखिल द्वितीय व मनजीत तृतीय स्थान पर रहे। दोनों प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को जिला कल्याण विभाग द्वारा क्रमशः 1हजार, छह सौ व चार सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। निर्णायक मंडल में सुमन लता, शालिनी व सीमा शामिल रही। विनोद कुमार ने मंच का संचालन किया। प्राचार्य रामनिवास ने छात्रों को बताया कि छुआछूत एक सामाजिक अभिशाप है। जबकि संविधान में ने हम सभी को समान अधिकार दिए हैं। संविधान किसी से किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करता। इस अवसर पर श्रीभगवान, अजय कुमार, रामफल, राजवीर, दीपक आदि मौजूद रहे।

### अंशिका, मुस्कान और संतोषी की टीम तृतीय

**गोहाना।** मेन बाजार स्थित जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं-मुस्कान और संतोषी की कक्षा 6 से 8 की जूनियर टीम सोनीपत के जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की प्रश्नोत्तरी की प्रतियोगिता में जिला स्तर पर तृतीय रहे। यह टीम शीघ्र राज्य स्तर पर होने वाली गीता जयंती महोत्सव में भाग लेगी। प्रिंसिपल के.एल. दुरेजा ने बताया कि जूनियर वर्ग में ही संवाद में उनकी छात्राएं-रिंकी और आरुषि चौथे स्थान पर रहीं। दोनों टीमों और उनकी तैयारी करवाने वाले शिक्षक जय किशन शर्मा को शुक्रवार को स्कूल में समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। मार्गदर्शन स्कूल के मैनेजर और सचिव वीरेंद्र जैन उर्फ गुल्लू का रहा। सम्मान समारोह में सत्यवीर स्वामी, अनिता, सुनील, दलबीर, राजबीर, मुकेश कालड़ा, प्रियंका, शशि, सोमा, कौशल्या, मोहित, मोनिका आदि भी मौजूद रहे।

# गीता हिन्दू धर्म का महान ग्रंथ

- गीता का 300 से अधिक भाषाओं में हो चुका अनुवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

गोहाना-महम रोड पर गांव मदीना में स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 10 दिवसीय गीता महोत्सव का शुभारंभ हो गया। समारोह में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए गीता का उपदेश देते हुए की पेंटिंग बनाकर अपनी कला प्रतिभा को उकेरा। समारोह के मुख्य वक्ता स्कूल के एमडी विकास मलिक ने कहा कि गीता हिन्दू धर्म का पूजनीय व एक महान ग्रंथ है। इस ग्रंथ के अध्ययन से न केवल व्यक्ति विशेष लाभान्वित होता है अपितु लोक जीवन शिक्षा व प्रेरणा भी लेता है।



भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को गीता का उपदेश देते की पेंटिंग दर्शाते विद्यार्थी।


गीता ग्रंथ का दुनिया में 300 से भी अधिक भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या पूजा राणा ने की। उनके अनुसार गीता महोत्सव 24 तक चलेगा। समारोह में पेंटिंग प्रतियोगिता मे उज्जवल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय से अभिनीति, रियान, आराध्या और अनितेज ने गीता के श्लोकों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शिक्षक अनिल रोहिला, अजय मलिक, पूनम, चंचल सोलंकी, संदीप मलिक और आनन्द आदि मौजूद रहे।

# कर्नल अरुण चैंपियनशिप में बने 18वीं बार आयरन मैन

- आस्ट्रेलिया में दिखाया भारत की आन बान और शान का शौर्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

इंडियन आर्मी के अधिकारी व सैनिक जहां भी रहेगा, भारत का झंडा फहराता रहेगा। हर मोर्चा आन बान और शान का होगा और जवान देश के मान- सम्मान के लिए जान लड़ा देगा। कुछ ऐसा ही देखने को मिला, आस्ट्रेलिया के क्वीलैंड के केर्न्स में। यहां भारतीय सेना में रहे कर्नल अरुण मलिक ने विनफास्ट आयरनमैन विश्व चैंम्पियनशिप में पदक जीतकर आयरन मैन का खिताब जीता। खिताब जितने वाले कर्नल मलिक अठाहरवीं बार लौह पुरुष (आयरन मैन)बने। उन्होंने बेहद ही सबसे कठिन माने जानी



जितने के बाद खुशी व्यक्त करते।

वाली आरयन मैन चैंपियनशिप में न केवल भाग लिया, बल्कि तय समय के अंदर पूरा भी किया। कर्नल मलिक बाक्सिंग फेडरेशन आफ इंडिया के सीईओ फिलहाल के पद पर तैनात है। कर्नल अरूण मलिक ने बताया कि प्रतियोगिता तैराकी से आरंभ होती है जो कि 3.8 किलो मीं की होती है। तैराकी के समाप्त होते ही भागीदार को वस्त्र बदलने होते हैं और साईकिल पर 180 किलों मीं सवार होना होता है। दोबारा से कपड़े बदलते ही 42 कलोमीटर की दौड़ लगानी होती है। ये तीनों क्रियाएँ लगातार करनी होती हैं। किसी भी क्रिया में रुकने से लेकर और वस्त्र बदलने का समय गिना जाता है। यदि कोई इसे 17 घंटे में पूरा कर लेता है तो उसे लौह पुरुष का खिताब मिल जाता है। कर्नल मलिक ने 11 घंटे तीन मिनट में पूरा कर दिखाया। बताया कि वह अपनी कैटेगरी में विश्व में तीसरे और भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कर्नल अरुण मलिक जिले के गांव रिवाड़ा के है। मलिक के पिता स्वर्गीय कर्नल धर्मबीर मलिक गांव के सबसे पहले सेना के कमाडिंग आफिसर बने। कर्नल अरूण मलिक ने अपनी पढ़ाई केन्द्रीय विद्यालय व आर्मी स्कूल से पूरी की। गर्व की बात है कि स्वर्गीय कर्नल धर्मबीर के दो बेटे व दो बेटी चारों ही सेना में अपनी सेवाएं दे चुके है। उनके दामाद भी सेना में उच्च अधिकारी रहे।

### भूतपूर्व सैनिक संगठन ने जताई खुशी

भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर के नायब सूबेदार ओमप्रकाश मलिक, कैप्टन एस एस दहिया, पीओ रतन, सुबेदार कृष्ण, सुबेदार भीम, सुबेदार राजपाल आदि ने कर्नल अरूण मलिक द्वारा आयरन मैन का खिताब प्राप्त करने पर बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की।



सोनीपत। जिला पार्षद को ज्ञापन देते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### कच्चे कर्मचारियों को सरकार तुरंत पक्का करें: संजय

**सोनीपत।** लघु सचिवालय के सामने सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने अपनी सभा का सैशन चलाया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध जताया और सभा में पहुंचने वाले जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया। इस दौरान जिला पार्षद संजय बड़वासनिया को भी ज्ञापन दिया गया। जिला पार्षद ने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार कर्मचारियों की सभी मांगों को पूरा करें, ठेके पर लगे व कच्चे कर्मचारियों को सरकार तुरंत पक्का करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ठेका प्रथा व कौशल निगम के तहत लगाए गए कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

# निफ्टेम ने थाना खुर्द को लिया गोद

- महिला सशक्तिकरण के भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता एवं प्रबंधन संस्थान-निफ्टेम ने ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत खरखौदा उपमंडल के गांव थाना खुर्द को गोद लिया है। निफ्टेम के विद्यार्थियों व प्राध्यापकों के समूह ने अंगीकृत गांव थाना खुर्द का दौरा किया।

इस दौरान मशरूम उत्पादक किसानों से मुलाकात करने के बाद एक कार्यशाला आयोजित करने का फैसला किया है । जिसमें किसानों को बताया जाएगा कि किस प्रकार मशरूम की पैदावार बढ़ाई जा सकती है और अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। किसानों की कार्यशाला के अलावा महिला सशक्तिकरण के भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत महिलाओं को स्वयं सहायता समूह गठित करने और लघु उद्योग चलाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मेंटोर डॉ सारिका की अगुवाई में जिस विद्यार्थी समूह ने थाना खुर्द का दौरा किया, उसमें संचित,सायक, ईशान, दीपक, शैक, श्रेयस, सौरभ, शोभित, थारिणी व साहिल के नाम शामिल हैं। दौरा समूह में शामिल विद्यार्थी बीटेक तथा एमटेक से संबंधित थे।



खरखौदा। ग्रामीणों को संस्थान की जानकारी देते निफ्टेम के विद्यार्थी।



बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते इंस्टीट्यूट के क्षेत्रीय प्रबंधक।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेताओं का किया सम्मान

**खरखौदा।** सांपला मार्ग स्थित ए .पी. गर्ग पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को आकाश इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर आकाश इंस्टिट्यूट के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रवीण कुमार ने बताया कि आकाश संस्थान ने प्रतिवर्ष की भांति मेडिकल और इंजीनियरिंग के लक्ष्य को प्रोत्साहित करने के लिए नेशनल टैलेंट हंट का आयोजन किया था। जिसमें देश भर से लाखों विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें चयनित विद्यार्थियों को संस्थान की ओर से शत प्रतिशत फ्री कोचिंग के साथ साथ करोड़ों रुपए के नकद पुरस्कार मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए जा रहे हैं। इस प्रतियोगिता परीक्षा में ए. पी.गर्ग पब्लिक स्कूल के पांचवी से दसवीं और ग्यारहवीं , बारहवी के साइंस विषय के 153 विद्यार्थियों ने ऑफ लाइन परीक्षा दी। सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है। जिसमें हर्षिता, जानवी, भूमिका, दिशांत, लव, प्रियांशु, ऋतिक, अमन सहित 8 बच्चों को गोल्ड मेडल, सक्षम, वंशिका, सर्वेश, कुनाल, अक्षिता, पूजा, ईति, इशांत भारती व उदय ने सिल्वर मेडल, नितिन, दीपिका, शिवानी, शुभम, हर्ष, नूर, चिराग, पलक,, मुस्कान, व दिव्या ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया।

# रामचंद्र वरिष्ठ उप जिला प्रधान व रमेश को बनाया प्रधान महासचिव

- जननायक जनता पार्टी ने किया जिला कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जजपा के ज़िला अध्यक्ष राज सिंह दहिया ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला,उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह, महासचिव दिग्विजय चौटाला, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी से विचार विमर्श करके उनके निदेर्शानुसार पार्टी की जिला कार्यकारिणी घोषित करते पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताअरं को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। जेजेपी जिला अध्यक्ष राज सिंह ने गठित कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि रामचंद्र देशवाल को वरिष्ठ उप जिला प्रधान और रमेश नाथ को प्रधान महासचिव के पद पर सुशोभित किया। इसके अलावा जिला उपाध्यक्ष के पद पर राजा सहरावत, रोशन धानक, संजय मलिक, रामप्रासाद शर्मा, विनोद मोदी, जिला पार्षद सुरेश नैन, महेंद्र गुंबर, धारा नैन, सुरेंद्र बबलू और नफे जौली को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके अलावा जय कंवर, टेकराम, ठाकुरदास मक्कड़, कंवल सिंह, निर्मला खत्री, जयपाल माहरा, डॉ. भगत सिंह, मास्टर सुरेंद्र, राजेश मलिक और प्रदीप मलिक को जिला महासचिव बनाया गया है इसके साथ साथ सतपाल प्रजापत, जतेन्द्र नंबरदार, मन्नु आंवली, किरण भाटिया, सुरेंद्र जटोला, कप्तान कश्यप, सुरेश धानक, कर्मबीर, सतबीर और संजय दहिया को ज़िला सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं जिला प्रेस प्रवक्ता के तौर पर जोनी लठवाल, संगठन प्रचार सचिव के पद पर रमेश गुप्ता व पालेराम और कार्यालय सचिव सतीश दुभेटा को और आईटी जिला कॉर्डिनेटर पदम रांगी को बनाया है। इसके साथ साथ रमेश, बंसी, रघबीर, पंडित राजबीर, जयभगवान, धर्मबीर, मांगेराम त्यागी, रामकुमार प्रजापत, प्रमिला मलिक व नरेश को सदस्य के तौर पर नियुक्त किया गया है।

## डीआरडीए हॉल में किया सामाजिक न्याय सभा का आयोजन

# बजट का अच्छी तरह से लेखा-जोखा रखें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं सोशन ऑडिट यूनिट हरियाणा के सौजन्य से अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय स्थित डीआरडीए हॉल में सामाजिक न्याय सभा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि हरियाणा सोशल ऑडिट यूनिट के अध्यक्ष अजय शर्मा ने किया। इस सभा में जिला के विभिन्न एनजीओ और श्रेष्ठ योजना के तहत आने वाले स्कूलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सामाजिक न्याय सभा के अंतर्गत अध्यक्ष अजय शर्मा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते सरकार द्वारा इन योजनाओं को लेकर एनजीओ को भेजे गए बजट के ऑडिट को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित एनजीओ को निर्देश दिए कि नागरिकों की सेवा के लिए सरकार द्वारा उनको जो बजट दिया जाता है उसका सही तरह से लेखा जोखा रखें। उन्होंने कहा कि सभी एनजीओ अपने खर्च रिपोर्ट व अन्य रिपोर्ट को अगले 15 दिन में दुरूस्त कर मुख्यालय को अनिवार्य रूप से भिजवाएं।



सोनीपत। अधिकारियों के साथ बैठक करते सभा के अध्यक्ष अजय शर्मा।

इसके पश्चात अध्यक्ष ने श्रेष्ठ योजना के तहत आने वाले स्कूलों को निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा दी गाईड लाईन अनुसार ही कार्य करते योजना के अंतर्गत जिस बच्चे का दाखिल आपके विद्यालय में होता है तो उन बच्चों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाएं। श्रेष्ठ योजना के तहत जिला में प्रताप स्कूल खरखौदा, ब्रह्म शक्ति स्कूल थाना कलां तथा गुरूकुल मटिण्डू से आए प्रतिनिधियों को अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि वे बच्चों से किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क न लें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सीईओ रमेश दून, सोशल ऑडिट टीम से कर्मजीत, जशनजीत, सामाजिक विकास विशेषज्ञ जसप्रीत कौर, जिला बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन अनिता शर्मा, अंकित, राजेन्द्र तंवर, गुरूकूल मटिंडू के वाईस प्रिंसिपल राकेश कुमार सहित विभिन्न एनजीओ व स्कूलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### छीनाझपटी की वारदात में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** कुंडली थाना पुलिस ने छीनाझपटी व मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आगाज विष्णु उर्फ देवा निवासी हापुड़ उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। ललियाना मेरठ निवासी साजिद ने गत 25 अक्टूबर को शिकायत दी कि देर शाम अपनी बस में सवार भरकर टिकरी बॉडर से हरदोई जा रहा था। तब एक वैगनार कार में बैठे युवकों ने उसकी बस के आगे गाड़ी अड़ा दी। और उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### महाविद्यालय में भाव तुलिका पत्रिका का विमोचन

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में भाव तुलिका पत्रिका का विमोचन टीकाराम शिक्षा समिति के महासचिव भूपेंद्र सिंह दहिया द्वारा किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. संतोष राठी ने बताया की पत्रिका में ही कॉलेज जीवन का दर्पण होता है, जो कॉलेज में चल रहीं साहित्यक, शैक्षिणक व खेल गतिविधियों को दशार्ता है।

## प्रधानमंत्री देश को विश्वगुरू बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रहे: राज्यपाल


# मानव का ध्येय पैसा कमाना नहीं समाजसेवा होनी चाहिए: दत्तात्रेय

**विदेशों में सृजित होंगे तीन करोड़ रोजगार, प्रतिभा के बल पर भारतीय हासिल करेंगे इनमें दो करोड़ रोजगार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भक्त फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां के शोधार्थियों व शिक्षकों से सीधा संवाद करते हुए राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए प्रोत्साहन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का ध्येय पैसा कमाने की बजाय सेवा का होना चाहिए, जिसके लिए उन्हें ज्ञानार्जन कर समाज एवं राष्ट्र सेवा की दिशा में समर्पित होना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। राज्यपाल ने ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन को भी संबोधित किया।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विश्वगुरू बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं, जिसमें आपका सहयोग जरूरी है। इसके लिए समाज के लिए काम करने की जरूरत है। राज्यपाल ने स्वयं का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि



गोहाना। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय महिला विवि में कुलपति प्रो. सुदेश के साथ भगत फूल सिंह को नमन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

■ राज्यपाल ने कहा कि उनकी मां सब्जी बेचकर गुजारा चलाती थी, सेवा की भावना उनको यहां तक लेकर पहुंची

वे आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्मे थे और उनकी माता सब्जी बेचकर गुजरा करती थी। शुरूआत से ही उनके अंदर सेवा की भावना थी, जिसे युवावस्था में विशेष बल मिला। उन्होंने एक झुग्गी बस्ती में बच्चों के स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता की ओर बढ़ाने का प्रयास किया। बस्ती के बच्चों को उन्होंने नहलाना शुरू किया, जिसके कुछ दिन बाद वे बच्चे स्वयं नहाने लगे।

इसके बाद उनके खान-पान पर ध्यान देते हुए दूध पिलाने की व्यवस्था की। बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहन दिया। बाद में उनमें से दो बच्चे डॉक्टर और दो इंजीनियर बने।

आज उसी त्याग व सेवा की भावना के बूते वह राज्यपाल के रूप में आपके समक्ष है। इस अवसर पर भक्त फूल सिंह महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश, इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. डब्ल्य के सर्वदे, अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन के सचिव प्रो. अजय सिंह, ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सी राजकुमार, इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन के सचिव डा. कुलदीप शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डा. नीलम मलिक, एसडीएम आशीष कुमार, प्रो. संकेत विज, प्रो. श्वेता सिंह, प्रो. अशोक वर्मा, प्रो. नीलम, डा. सुनील कुमार, ले.कर्नल अनिल बल्हारा, ईशानी तथा मंच संचालक के रूप में प्रो. रवि भूषण आदि मौजूद थे।

### नौकरी पाने वाले नहीं देने वाले बनें

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि शोधार्थियों को नौकरी मांगने वाले नहीं अपितु देने वाले बनने की ओर अग्रसर होना चाहिए। नकारात्मकता को सदैव दूर रखें। जिज्ञासा व सकारात्मकता और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें। शिक्षा में तकनीक, नवाचार व शोध होना चाहिए। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इन पर फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि ज्ञान एक बड़ी ताकत है, पैसा नहीं। इसे समझना चाहिए।

### अपनी संस्कृति का संरक्षण जरूरी


राज्यपाल ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से योग-व्यायाम के लिए प्रोत्साहित करते हुए पोषक खान-पान पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियों ने खेलों में अच्छा नाम कमाया है। हमें सांस्कृतिक क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। संस्कृति का संरक्षण जरूरी है जो कि हमारी पहचान है। अपनी परंपराओं व राष्ट्र की मजबूती के लिए योगदान देना चाहिए। साथ ही उन्होंने शुभकामनाएं दी कि भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय एक आदर्श महिला विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित हो।

### भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था

वर्ष 2020 में भारत का डिजिटल मार्केटिंग मार्केट उन्नीस हजार नौ सौ करोड़ रुपये (19900 करोड़) रुपये का था, जो 2015 के मुकाबले चार हजार सात सौ करोड़ (4700 करोड़) रुपये ज्यादा था। वर्ष 2024 तक डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर बढ़कर तिरेपन हजार नौ सौ करोड़ (53900 करोड़) रुपये का होने की उम्मीद है। अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

### भगत फूल सिंह को किया नमन

शोधार्थी संवाद कार्यक्रम में शामिल होने से पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शिक्षाविद भक्त फूल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही उन्होंने बहन सुभाषिनी का भी स्मरण किया। इसके उपरांत उन्होंने लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के मौके पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



गन्नौर। मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद कादियान विजेता खिलाड़ी का स्वागत करते हुए।

## खेलों से शारीरिक व मानसिक रूप से व्यक्ति रहता है स्वस्थ

■ कुश्ती में सोना जीतकर लौटे 13 वर्षीय पहलवान सुधीर का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

चिरस्मी गांव के 13 वर्षीय पहलवान सुधीर सौदा पुत्र सत्यवान सौदा ने दिल्ली में हुई कुश्ती प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता है। सुधीर दिल्ली के सुल्तानपुरी स्थित राजकीय बॉयज सीसे स्कूल में 7वीं क्लास में पढ़ता है। शुक्रवार को गन्नौर अड्डे से गांव तक विजयी जुलूस निकाला गया। कार्यक्रम में मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद कादियान ने खिलाड़ी सुधीर का जोरदार स्वागत करने के साथ उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। कादियान ने कहा कि खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक रूप से भी व्यक्ति स्वस्थ रहता है। आज देखने में आता है कि बच्चे मोबाइल में ज्यादा व्यस्त रहते है, जबकि मोबाइल को ज्यादा तवज्जो न देकर शारीरिक श्रम वाले खेल में रुचि लेना चाहिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश, देश व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। इस अवसर पर समाजसेवी सुनीता वाल्मीकि, साध्वी अरुणा नाथ, सरपंच जसवीर, कर्मबीर, अमृत पहलवान ने भी खिलाड़ी सुधीर को जीत की बधाई दी है।

### शराब कंपनी ठेकेदार के गले से सोने की चैन झपटी

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के एचएसएसआईडीसी सड़क मार्ग पर स्थित शराब की दुकान पर नकदी लेने आए शराब कंपनी ठेकेदार के गले से युवक सात तोले की सोने की चेन छीनने का मामला सामने आया है। मुंह पर कपड़ा बांधकर आ बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया जबकि उसका साथी पहले से बाइक लेकर सडक के दूसरी तरफ खड़ा था। पीड़ित ठेकेदार के बयान पर पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। गांव पलड़ी कलां निवासी संदीप कुमार ने बताया कि वह जी टाउन वाइन शॉप कंपनी में काम करता है। वह कुंडली स्थित शराब की दुकान पर नकदी लेने आए थे। उनके साथ साथी राजेश भी था। उन्होंने कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित सडक पर बोलेरो गाड़ी कर दी।

### रैली की तैयारी को लेकर कल होगी बैठक

**गोहाना।** कांग्रेस द्वारा बरोदा हलका में जनआक्रोश रैली सात जनवरी को की जाएगी। रैली में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे।

### विद्यार्थियों को दी गुड टच और बैड टच की जानकारी

**गोहाना।** शहर में महम-मार्ग स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या अनीता शर्मा ने की। मुख्य वक्ता स्कूल के एमडी राजबीर शर्मा ने कहा कि गुड टच और बैड टच की जानकारी सभी विद्यार्थियों को होनी चाहिए।

## नगरपालिका ने शुरू किया बंद पड़े नालों की सफाई करने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

नगरपालिका ने शहर के बंद पड़े नालों की सफाई करने का काम शुरू किया है। शुक्रवार को दिल्ली मार्ग पर बाईपास पर किनारे से नालों को सफाई अभियान शुरू किया गया है, जिसे शहर की अंदर की तरफ लाया जाएगा। इस दौरान रास्ते में आने वाले सभी चबूतरे जो कि नालों के ऊपर बनाए गए हैं, उन्हें तोड़ने का काम नगरपालिका की तरफ से किया जा रहा है।

खरखौदा में नगरपालिका की तरफ से नालों की सफाई करने, अतिक्रमण पर कार्रवाई करने का एक अभियान चलाया गया है। जिससे



खरखौदा। नालों की सफाई करती जेसीबी।

पहले सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के साथ ही नालों पर चबूतरे बनाने वालों को नगरपालिका आगाह कर चुकी है कि उन्हें अब अवैध रूप से किए कब्जों को हटाना ही होगा। नगरपालिका की तरफ से शहर के नालों के साफ करने की कार्यवाही शुरू की गई है । जिसके तहत शहर के दिल्ली मार्ग पर बाईपास किनारे से शहर की तरफ साफ किया जा रहा है। नपा की तरफ से इस बार सफाई कर्मियों की बजाए जेसीबी से नालों को साफ करने का काम शुरू किया गया है, ऐसे में जहां पर बीच रास्ते में नालों पर बने चबूतरे सफाई करने में रुकावट बन रहे हैं उन्हें साथ के साथ तोड़ा जा रहा है, ताकि उनकी सफाई सही ढंग से की जा सके। कार्रवाई के दौरान विरोध करने वालों पर नपा की तरफ से सख्ती की जाएगी। नालों के स्लैब उखाडने के दौरान उस पर हुए अतिक्रमण को अगर कोई नहीं हटाता है या नपा के हटाए जाने का विरोध करता है तो उस पर नपा सख्ती के साथ कार्रवाई करेगी।

### संदिग्ध हालत में युवक लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र से संदिग्ध हालत में युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। युवक के परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। ईदगाह कॉलोनी निवासी नसीम ने बताया कि उसका लड़का 19 साल जोकि गत 10 दिसंबर को संदिग्ध हालत में घर से लापता हो गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी अजीत सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यममंत्री मनोहर लाल की समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद शुक्रवार को गन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव बेगा व घसौली तथा सोनीपत तहसील क्षेत्र के गांव ठरू व उल्देपुर में पहुंची और लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया गया। चेयरमैन अरूण त्यागी ने कहा कि यात्रा के दौरान लाभार्थी किन्हीं कारणों से सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने से वंचित रह गए हैं, उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिया जा सके।



गन्नौर। भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा महिला को फल वितरित करते हुए साथ में ठरू गांव के सरपंच व युवा जजपा नेता संदीप ।

### केंद्र-प्रदेश सरकार की नीतियों को अंतिम पात्र लाभार्थी तक पहुंचना जरूरी : नेहरा


भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद नेहरा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रव्यापी पहल है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है।

### ब्यूटी पार्लर पर तैयार होने गई महिला की तीन अंगूठी चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में ब्यूटी पॉर्लर पर तैयार होने गई युवती की तीने सोने की अंगूठी चोरी होने का मामला सामने आया है। युवती ने चोरी की वारदात का आरोप ब्यूटी पार्लर में कार्यरत युवती पर लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। सेक्टर-14 निवासी मनिका शर्मा ने बताया कि वह शाम को ब्यूटी पार्लर पर तैयार होने के लिए गई थी। तैयार होते समय उसने अपनी तीन सोने की अंगूठी निकालकर रख दी। उन्हें दोबारा से पहनना भूल गई। उसकी शादी होने के चलते वह कार्यों में ज्यादा व्यस्थ थी। उसने पैकिंग करना शुरू किया तो उसे ध्यान आया कि उसके हाथ खाली है। उसने पार्लर वाली को फोन किया। उस दौरान पार्लर पर तैयार करते समय एक लड़की रिद्धि मौजूद थी। उसे शक है कि उसकी अंगूठी रिद्धि ने चोरी किया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच अधिकारी एचसी विक्रम ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



गोहाना। पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन करते एसडीएम।

### संकल्प यात्रा बनी लोगों के लिए वरदान

**गोहाना।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को गांव बीधल और गांव गढ़ी सराय नामदार खां में पहुंची। गांव बीधल में पूर्व मंत्री कविता जैन और गांव गढ़ी सराय नामदार खां में एसडीएम आशीष वशिष्ठ बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। इन दोनों ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया। एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस यात्रा में न केवल लोगों की समस्याओं का निपटान किया जा रहा है अपितु लोगों में देश व अपनी संस्कृति के प्रति प्रेम की भावना भी प्रबल हो रही है। एसडीएम ने कहा कि सरकार भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। इस दिशा में हर व्यक्ति को अपना सहयोग देने की जरूरत है।

### उपमुख्यमंत्री नहीं बता रहे कब तक होगा समस्या का समाधान : इंदुराज

**गोहाना।** बरोदा हलका से कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने शुक्रवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में रेलवे लाइनों की अंडरपास में जलभराव की समस्या को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने कहा कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गोलमोल जवाब दिया लेकिन यह नहीं बताया कि समस्या का समाधान कब तक होगा।



विधायक इन्दुराज

विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि उनके हलके के विभिन्न गांवों से लगभग 40 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन गुजरती है। हलके में विभिन्न जगह पर इस लाइन पर आठ अंडरपास बने हुए हैं और हर जगह वर्षा में जलभराव होता है। तब ग्रामीण इन रास्तों से एक-दूसरे गांव में नहीं जा पाते हैं। खेतों में आने-जाने का रास्ता बंद हो जाता है। उन्होंने पूछा कि इसका समाधान कब तब तक होगा। इस पर शुरूआत में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। बाद में कहा कि यह रेलवे का मामला है। राज्य सरकार की कोशिश है कि अंडरब्रिजों में पानी जाने से रोकने के लिए कवर शेड लगाए जाएं। इस पर विधायक ने कहा कि दावा तो तीन इंजन की सरकार का किया जाता है लेकिन काम करवाने में एक-दूसरे का हवाला दिया जाता है।

## जूत्तों व अपर पर कंपनी का स्टीकर लगाकर बेच रहे थे, छापा मारा

■ फैक्टरी मालिक के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी में बनाए गए जूतों व अपर पर नामी कंपनियों के स्टीकर लगाकर उन्हें बेचा जा रहा था। फैक्टरी व गोदाम पर छापा मारकर पुलिस ने भारी संख्या में नाइक, रीबॉक व एडिडास के जूते व अपर बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मौके से भारी संख्या में स्टीकर के साथ ही ऑफसेट प्रिंटिंग डाई भी बरामद की है। पुलिस ने फैक्टरी मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। नई दिल्ली स्थित लाजपत नगर निवासी सचिन शर्मा ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह नाइक, रीबॉक व एडिडास के अधिकृत अधिकारी है। उन्हें जानकारी मिली कि कुंडली में हरियाणा इंटरप्राइजेज के नाम से फैक्टरी में पवन शर्मा नाइक, रीबॉक व एडिडास कंपनी के स्पोर्ट्स शूज व अपर बनाकर उन पर जाली स्टीकर लगाकर मोटे मुनाफे में बेच रहा है। वह तैयार माल को अपने गोदाम में रखता है। वहां से उन्हें आगे सप्लाई करता है। उन्होंने फैक्टरी में छापा मार कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर तीनों कंपनी के अधिकृत पत्र लेने के बाद एसआई कटार सिंह ने अपनी टीम के साथ फैक्टरी में छापा मारा। कुंडली स्थित फैक्टरी के अंदर से पुलिस व नामी कंपनियों की टीम ने एडिडास के स्टीकर लगे 420 जूते, 1850 अपर, 450 स्टीकर व चार ऑफसेट प्रिंटिंग डाई बरामद की। साथ ही नाइक के स्टीकर लगे 280 जूते, 55 सौ अपर, 52 सौ पॉली पैकिंग, 4800 स्टीकर, छह ऑफसेट प्रिंटिंग डाई, 1650 अपर बरामद किए।

## लंबित मांगे पूरी न होने के चलते नाराज हैं नर्सिंग अधिकारी

# नर्सिंग अधिकारियों ने काले बिल्ले लगाकर जताया रोष

■ आगामी 20 दिसंबर तक काले बिल्ले लगाकर काम करेगें नर्सिंग अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को नर्सिंग अधिकारियों ने काले बिल्ले लगाकर काम किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नसिंर्ग अधिकारियों ने सरकार से लंबित मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के निर्देश पर वह 20 दिसंबर तक रोजाना काले बिल्ले



सोनीपत। रोष-प्रदर्शन व काले बिल्ले लगाकर कार्य करते हुए नर्सिंग अधिकारी।

लगाकर काम करेंगी। उसके बावजूद सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। नसिंर्ग स्टाफ एसोसिएशन की पूर्व प्रधान सुनीता राठी ने बताया कि नसिंर्ग अधिकारियों की ओर से लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है। स्टाफ नर्सों को नसिंर्ग अधिकारी बना दिया गया, लेकिन उन्हें ग्रुप सी से ग्रुप बी में अब तक शामिल नहीं किया गया। नसिंर्ग अधिकारियों के लिए 7200 रुपये नसिंर्ग अलाउंस अभी तक लागू नहीं किया गया। नसिंर्ग अलाउंस लेना उनका मौलिक अधिकार है। जबकि दूसरे प्रदेशों में नसिंर्ग अधिकारियों को ग्रुप बी का दर्जा जा चुका है और नसिंर्ग अलाउंस भी दिया गया है। जिसके चलते नसिंर्ग अधिकारियों ने 20 दिसंबर तक लगातार काले बिल्ले लगाकर काम करने का निर्णय लिया है। जिला प्रधान मैमरानी ने बताया कि सरकार की ओर से नसिंर्ग अधिकारियों की मांगों को पूरा करने में अनदेखी की जा ही है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बारे में राज्य कमेटी की ओर से पहले ही अवगत कराया जा चुका है। राज्य कमेटी के आह्वान पर नसिंर्ग अधिकारियों ने काले बिल्ले लगाए हैं। इस दौरान सीमा, सुमन, रीना मलिक, मोनिका शर्मा, ज्योति, मंजू सैनी, ममता, सुमन डागर समेत अन्य नसिंर्ग अधिकारी मौजूद रही।

### शराब ठेके से चार पेटी शराब चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के बारोटा में स्थित शराब ठेके से चार पेटी शराब चोरी होने का मामला सामने आया है। ठेके के सेल्समैन ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। उत्तर प्रदेश हालत में खेड़ी रोड बारोटा निवासी दिनेश पाल ने बताया कि वह शराब ठेके पर करीब छह महीने से कार्य कर रहा है। गत 14 दिसंबर रात करीब एक बजे कोई अज्ञात शराब ठेके से चार पेटी शराब चोरी करके ले गया। अपने स्तर पर चोर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।